हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 7.1 डिग्री

9 ऑपरेशन क्लीन : 10 दिनों में 30 अपराधी ...



10 आरटीए की जांच में स्कूल बसों में मिलीं खामियां ...



## खबर संक्षेप

### ट्रक चोरी में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने ट्रक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव भगवतीपुर निवासी सुनील की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच मे सामने आया कि सुनील ने अपना ट्रक गांव भगवतीपुर में स्थित पट्रोल पंप पर खडा कर दिया। करीब 8/9 दिन बाद पट्रोल पंप के मालिक ने सुनील को फोन कर बताया कि उसका ट्रक चोरी हो गया है। जांच 16 नवंबर को आरोपी अरसद निवासी गांव बाई, राजस्थान को काबू किया गया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त आज आएगी

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 नवंबर बुधवार को पीएम-किसान उत्सव दिवस के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 20 किश्त जारी की जा चुकी हैं।

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया युवक

**सांपला।** पुलिस ने मंगलवार को बाजार क्षेत्र में चोरी की बाइक लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी झज्जर जिले के गांव छारा निवासी अभिषेक बताया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की स्पलेंडर बाइक पर बस स्टैंड से बाजार की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नाका लगाकर जांच शुरू कर दी।

### चोरी की वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव खरैंटी में स्थित हुई घर में चोरी की वारदात में तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव खरैंटी निवासी अनीता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 7 सितंबर को अनीता अपने घर में सोने चांदी के कुछ आभूषण रखे थे। 20 अक्टूबर को अनीता ने आभूषण चेक किए तो उसे नहीं मिले।

### श्रमिकों के बच्चों के दाखिला करवाएं: डीसी



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने उद्योगों, ईंट-भट्टों व ढाबों आदि में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों के स्कूलों में दाखिले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन और सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं होंगी सम्मानित

**रोहतक।** उपायुक्त गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे पर 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों मीडिया एवं साहित्य में सराहनीय कार्य किया हो। वे नाम/आवेदन फार्म दस्तावेजों सहित भरकर जिला विकास भवन स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय कमरा संख्या 4 में 30 नवंबर तक जमा करवाए।

## परिवेदना समिति की बैठक में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 15 शिकायतें सुनीं, 8 का मौके पर ही किया समाधान

# अब पीजीआईएमएस प्रशासन को ही उठाना होगा फरियादी का खर्च, मंत्री और रेडक्रॉस भी करेंगे मदद

### विकास एवं पंचायत मंत्री ने राजू सिंह की शिकायत की सुनवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंगलवार को विकास भवन में ग्रीवांस कमेटी की मीटिंग में 15 शिकायत रखी गई, जिसमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 7 शिकायतों को अगली ग्रीवांस के लिए पेंडिंग रखा गया है। पेंडिंग मामलों में कमेटी बनाई हुई है, जो मामले में जांच करने के बाद अगली मीटिंग में रिपोर्ट देगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने परिवेदना समिति की बैठक में अध्यक्षता करते शिकायतें सुनी। इन्होंने गांव ईस्माइला निवासी राजू सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए पीजीआईएमएस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रार्थी द्वारा किए खर्च की राशि उपलब्ध करवाये। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी प्रार्थी को अपने स्वैच्छिक कोष से इस राशि के समान राशि देंगे तथा रेडक्रॉस से भी खर्च राशि के समान धनराशि दिलवाई जायेगी। लड़के को प्रशिक्षण दिलवाकर रोजगार उपलब्ध करवाने में मदद की जाएगी।



रोहतक। डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

### अपनी समस्या रखते फरियादी





रोहतक। जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में समस्या रखते फरियादी।

### पीजीआईएमएस मामले में गठित की गई समिति विस्तार से जांच करें

कृष्ण लाल पंवार मंगलवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के एजेंडे में 15 शिकायतें शामिल थी। पीजीआईएमएस मामले में गठित की गई समिति विस्तार से जांच करें। ताकि भविष्य में ऐसी कोई लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पीजीआई द्वारा विभागीय जांच भी की जा रही है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगामी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने खरखोदा निवासी सुरेश कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि एसडीएम सांपला एवं श्रम आयुक्त इस मामले की जांच कर नियमानुसार न्याय दिलवायेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हिसार के परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि वे महम उपमंडलाधीश की मौजूदगी में एक सप्ताह में सडक़ की पुलिया की अच्छी तरह सफाई करवाये तथा सडक़ के साथ शेष ड्रेरन का निर्माण भी करवाये।

### ओवरफ्लो तालाब का जायजा लेकर आसपास लगे गोबर के ढेरों को तुरंत हटवाए

मंत्री ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी से कहा कि वे सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता के साथ ओवरफ्लो तालाब का जायजा लेकर समाधान करवाये तथा इसके आसपास लगे गोबर के ढेरों को तुरंत हटवाये। उन्होंने खेड़ी सांपला निवासी पूनम की शिकायत की सुनवाई करते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को बिजली बिल ठीक करने के निर्देश दिए।कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गांव बालंद निवासीगण की शिकायत की सुनवाई करते हुए महम के उपमंडलाधीश तथा समिति के मनोनीत सदस्य भूप सिंह को गांव की पेपर मिल फैक्ट्री का औचक निरीक्षण कर प्रदूषण बारे जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने सांपला निवासी राजबीर की शिकायत के संदर्भ में जिला राजस्व अधिकारी एवं सांपला के पुलिस उपाधीक्षक को मामले से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने को कहा। मंत्री पंवार ने जींद रोड निवासी उषा रानी की शिकायत के संदर्भ में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायकर्ता के घर के सामने नाले पर स्लैब बनवाये। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने भी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करवाने को कहा गया।

### राजरानी को पूरा न्याय मिलेगा

मंत्री पंवार ने कहा कि गांधी नगर निवासी राजरानी की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। शिकायतकर्ता की मांग पर पुलिस अधीक्षक को यह केस सीआईए को ट्रांसफर करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एफएसएल की रिपोर्ट लगभग 10 दिन में प्राप्त हो जायेगी तथा इस मामले में जांच अभी जारी है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सोनीपत के परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि वे सांपला में फ्लाइओवर के साथ क्षतिग्रस्त सडक़ को ग्रेप खुलने के तुरंत बाद ठीक करवाए।

### एमडीयू छात्र मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिले

विश्वविद्यालयों में शिक्षक भर्ती को लेकर राज्य सरकार द्वारा गत 18 सितंबर को जारी की गई एसओपी के मुताबिक भर्ती करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र मंत्री कृष्णलाल पंवार से मिले। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विश्वविद्यालय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ के लिए आए थे। छात्रों ने मंत्री को कहा कि अगर नई एसओपी के मुताबिक भर्ती नहीं होगी तो वे सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर देंगे।

## एमडीयू के डॉ. राजेश कुमार कुंडू ने आईआईपीए के राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार कुंडू ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन "विकसित भारत 2047 के लिए ग्रामीण विकास का पुनर्समीक्षण" में शिरकत की और शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. राजेश कुंडू सम्मेलन के एक सत्र की सह-अध्यक्षता की, जिसमें सामुदायिक नेतृत्व आधारित विकास, विकेंद्रीकरण तथा जनभागीदारी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने प्रस्तुत किए गए शोध-पत्रों पर महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ दीं और सत्र का सफल संचालन कराया। इसके साथ ही उन्होंने लैंगिक समावेशन का संस्थानीकरण : हरियाणा के पंचायती राज में छठे चुनाव चक्र के दौरान महिलाओं का आरक्षण एवं प्रतिनिधित्व विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध पत्र प्रस्तुति में हरियाणा की पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी, उनके प्रतिनिधित्व तथा प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से आए शिक्षकों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने ग्रामीण विकास, पंचायतों की भूमिका, विकेंद्रीकरण और जनसहभागिता से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

### किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में बनेंगे हेल्पडेस्क



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आगामी रबी सीजन से पूर्व जिला की सभी मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में खरीफ सीजन के समापन को लेकर मंडियों की स्थिति, व्यवस्था व सुविधाओं बारे समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी मंडियों में किसानों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के साथ-साथ ऑपरेटर्स भी उपलब्ध करवाया जाए। मंडियों में आने वाले किसानों की समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। हेल्प डेस्क के माध्यम से गेट पास, भुगतान व वेरीफिकेशन से संबंधित कार्यों के बारे में पूछताछ कर सकेंगे।

### गाड़ी कूड़ा उठाने न पहुंचे तो 7303050200 और 7303050800 नंबरों पर करें शिकायत

# अब बाहर कूड़ा डालने वालों की खैर नहीं, कटेगा चालान, अभी तक सात लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई व्यवस्था को और कड़ा करने का निर्णय लिया है। अब अगर कोई बाहर कूड़ा डालता मिला तो उसके खिलाफ चालान काटा जाएगा। निगम अभी तक सात लोगों के चालान काट चुका है। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना और सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करना है। निगम ने कर्मचारियों को भी कूड़ा निस्तारण के लिए सख्त आदेश दिए है। ताकि कहीं पर भी कूड़ा एकत्रित न हो सके। तुरंत गाड़िया भेजकर उसको उठवाने के आदेश है। ताकि कूड़े से संबंधित कम से कम समस्या पहुंच सके और आमजन किसी भी तरह से परेशान न हो। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा का कहना है कि अब जब नगर निगम द्वारा घर-घर से कचरा उठाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, तो सड़कों और गलियों में कचरे के ढेर बिल्कुल नहीं दिखाई देने चाहिए। यदि कहीं भी गंदगी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि निगम की टीमें शहर के प्रमुख बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित निगरानी करेंगी ताकि सफाई व्यवस्था में कोई ढिलाई न हो। घर-घर कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर कलेक्शन) को और अधिक व्यापक और मजबूत बनाया जा रहा है ताकि हर घर, संस्था, दुकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान तक नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन पहुंच सके। निगम का मकसद है कि कोई भी नागरिक सफाई से संबंधित असुविधा का सामना न करे।

### 2900 रुपये का जुर्माना वसूला गया

सात लोगों के काटे गए चालान मंगलवार को सफाई शाखा की टीमों ने निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वालों के कुल 7 चालान काटे, जिनसे 2900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और भविष्य में इसमें और सख्ती बरती जाएगी। ताकि आमजन इस तरह से बार-बार बाहर कूड़ा न डाल सके।

कार्यक्रम

## पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग का राष्ट्रीय टीम ने किया दौरा

### काला पीलिया नियंत्रण में सराहनीय कार्य

# टीम ने विभाग में उपचार व्यवस्था और सुविधाओं का बारीकी से किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पीजीआईएमएस का गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत काले पीलिया (हेपेटाइटिस बी व सी) के लिए हरियाणा का एकमात्र नोडल ट्रीटमेंट सेंटर है। मंगलवार को इस सेंटर का निरीक्षण करने के लिए एनसीडीसी, नई दिल्ली की राष्ट्रीय टीम रोहतक पहुंची। इस टीम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. प्रारथा रक्षित, डॉ. प्रीति और डॉ. अंकित शामिल रहे। टीम ने विभाग में उपचार व्यवस्था और सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। राष्ट्रीय टीम ने पीजीआई के साथ-साथ सिविल अस्पताल व सिविल सर्जन कार्यालय का भी दौरा किया। टीम ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की और कहा कि रोहतक में काले पीलिया के इलाज को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं नोडल ऑफिसर डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि विभाग में प्रतिदिन लगभग 70–80 काले पीलिया के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें 10–15 नए मरीज शामिल होते हैं। इनमें हरियाणा के अलावा राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के मरीज भी बड़ी संख्या में आते हैं। हेपेटाइटिस-सी एक गंभीर वायरल संक्रमण है, लेकिन समय पर जांच और समुचित उपचार मिलने से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में विभाग में 25,000 से अधिक हेपेटाइटिस-सी और लगभग 12,000 हेपेटाइटिस-बी रोगियों का पंजीकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों की भी जांच की गई, जिनमें से 13 प्रतिशत को संक्रमण पाया गया, जिनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया।

### हेपेटाइटिस-बी के संक्रमण के बचाव में 99 प्रतिशत सफलता मिली

डॉ. मल्होत्रा ने यह भी बताया कि मां से बच्चे में होने वाले हेपेटाइटिस-बी के संक्रमण को रोकने में विभाग ने 99 प्रतिशत सफलता हासिल की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय टीम ने रोहतक में स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की भी प्रशंसा की और कहा कि रोहतक पूरे देश में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने में एक मिसाल बनकर सामने आया है। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा के प्रयासों से 8,000 स्वास्थ्यकर्मियों को हेपेटाइटिस-बी से बचाव का टीकाकरण किया जा रहा है। विभाग फैटी लीवर के खिलाफ भी व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है, जिसके तहत हरियाणा के करीब 800 चिकित्सकों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

### डॉक्टरों ने लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की

डॉ. मल्होत्रा ने लोगों से अपील की कि वे अपने लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नशे से दूर रहें, मोटापे पर नियंत्रण रखें, शुगर से बचें और काला पीलिया होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में निशुल्क उपचार का लाभ अवश्य लें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल और निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने डॉ. मल्होत्रा व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग मरीजों के हित में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों के कल्याण के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए।

## ब्रिज निर्माण के चलते 7.30 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक, आज कई ट्रेनें रद्द व रूट परिवर्तित



रोहतक। नॉर्दर्न रेलवे की ओर से ब्रिज नंबर 62 पर आरसीसी स्लैब लॉन्चिंग के कार्य को लेकर 19 नवंबर बुधवार को 7.30 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक जारी किया गया है। यह ब्लॉक बीजीजेड–एएसई स्टेशनों के बीच एसएसबी–बीटीटी सेक्शन के मध्य रहेगा। ब्लॉक सुबह 10:15 बजे से शाम 5:45 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान अप और डाउन दोनों लाइनें प्रभावित रहेंगी। इस ब्लॉक के कारण रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द करने, कुछ को शॉर्ट टर्मिनेट और कुछ को डायवर्ट करने का निर्णय लिया है। 14323 एनडीएलएस–आरओके जसीमौला, 64912 जींद–एनडीएलएस, 54034 जींद–दिल्ली, 64932 जींद–दिल्ली और 54032 जींद–दिल्ली ट्रेनों को रद्द किया जाएगा। इनकी संबंधित लिंक ट्रेनें भी 19 नवंबर को रद्द रहेंगी। 14732 बीटीआई–दिल्ली ट्रेन को रोहतक में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा इसकी लिंक ट्रेन 12481 दिल्ली–एसजीएनआर को रोहतक से ही शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार 12482 एसजीएनआर–दिल्ली ट्रेन को भी रोहतक में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और लिंक ट्रेन 14731 दिल्ली–बीटीआई को रोहतक से प्रारंभ किया जाएगा।



## पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



## सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

हॉलीवुड मसाला



## टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





## अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



## बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



## एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

## विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

### अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

## 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

## अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों को कपड़े व खाद्य सामग्री की वितरित

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय जासिया में आउटरीच बेस्ट प्रैक्टिसेज कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को कपड़ों, खाद्य सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया गया। समाज सेवा को प्रोत्साहित करने वाली इस पहल का उद्देश्य समुदाय से महाविद्यालय के जुड़ाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर ने करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी महाविद्यालय की प्राथमिकता है।

### बजरंग दल ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

**रोहतक।** मकड़ौली प्रखंड के ग्राम किलोई में बजरंग दल द्वारा नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में बाबा भोलादास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हरीश रामकली, प्रांत संयोजक बजरंग दल हरियाणा ने नशे के दुष्प्रभावों पर गंभीरता से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान देशभर में बजरंग दल द्वारा चलाया जा रहा है। हरियाणा में नशा एक गंभीर समस्या बन चुकी है और इसे समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर इस बुराई से मुक्ति प्राप्त करनी होगी। जिला मंत्री केशव ने भी युवाओं को प्रेरित किया।

## अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने शुरू किया अभियान

# ऑपरेशन क्लीन : 10 दिनों में 30 अपराधी काबू, 40 की लिस्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में हाल के दिनों में बढ़ते गैंगस्टर नेटवर्क और युवाओं में क्राइम के प्रति बढ़ती आकर्षण की प्रवृत्ति को देखते हुए जिला पुलिस ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सोशल मीडिया पर जो अपराधी खुद को दबंग या प्रभावशाली दिखाते हैं, उनकी वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट होती है। उन्होंने दो टूक कहा कि बदमाशों का हाल भिखारियों से भी बुरा है। इनके घर में खाने तक के लाले पड़ जाते हैं। पूरा परिवार बरबाद होता है, लेकिन सोशल मीडिया पर इनके ग्लैमर को देखकर युवा भ्रमित हो जाते हैं। पुलिस ने जिले में चल रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत पिछले दस दिनों में बड़ी कार्रवाई की है। एसपी भौरिया ने बताया कि अभियान के दौरान 30 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनसे 11 हथियार और 30 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऐसे 40 कुख्यात अपराधियों की सूची बनाई है, जिनका संबंध हिंसक अपराधों से है। इन सभी को पकड़ने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार छापेमारी और निगरानी कर रही हैं। एसपी ने बताया कि पिछले दिनों पकड़े गए चार अपराधियों के सोर्स तक भी पुलिस पहुंच चुकी है, जिससे गिरोहों की गतिविधियों को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी। हमारा लक्ष्य केवल अपराधी पकड़ना नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना है।


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते एसपी सुरेंद्र भौरिया।

### जेल से अपराध करने वालों पर भी कार्रवाई

*एसपी ने यह भी खुलासा किया कि कुछ अपराधी जेल के अंदर से भी आपराधिक गतिविधियों को संचालित करने की कोशिश करते हैं। इस पर रोक लगाने के लिए जेल प्रशासन के साथ मिलकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जेल में मोबाइल और बाहर से संपर्क की हर संभावना पर सख्ती लागू की गई है। जेल में अपराध चलाने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।*

### विदेश में बैठे अपराधियों पर भी पैनी नजर

*प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि कुछ अपराधी विदेश में बैठकर गिरोह को संचालित करने का प्रयास करते हैं, लेकिन पुलिस उनकी गतिविधियों पर पैनी निगरानी रखते हुए कानूनी प्रक्रिया के जरिए उन्हें भारत लाने की तैयारी कर रही है। विदेश कोई दूसरे ग्रह पर नहीं है। प्रक्रिया पूरी होते ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।*

### गैंगस्टर युवाओं को बनाते निशाना

एसपी भौरिया के अनुसार, गैंगस्टर 17 से 22 वर्ष की उम्र के युवाओं को सबसे अधिक टारगेट करते हैं। इस उम्र में युवक तेजी से आकर्षित होते हैं और सोशल मीडिया पर दिख रहे 'दबंगई मॉडल' से प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध की चमक-दमक केवल दिखावा है, जबकि जमीन पर इन बदमाशों की हालत दयनीय होती है। एसपी ने कहा कि जो अपराधी वीडियो बनाकर खुद को बहादुर दिखाते हैं, वे असल में धक्के खा रहे होते हैं।

### अपराध के रास्ते का अंत बर्बादी

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने युवा वर्ग को अपराध से दूर रहने की सख्त सलाह दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का झूठा ग्लैमर उन्हें अपराध की तरफ धकेल रहा है, लेकिन असल जिंदगी में उनकी हालत बेहद दयनीय होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराध से कभी कोई बड़ा नहीं बनता। आज जो युवक गलत राह चुनते हैं, कल वही सबसे बड़ी परेशानी में फंस जाते हैं और उनका पूरा परिवार दुख झेलता है।

### हर थाने से अपराधियों की सूची मांगी

जिले के सभी थानों से हिंसक अपराधों में शामिल लोगों की अद्यतन सूची मांगी गई है। इस सूची के आधार पर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी, उनकी गतिविधियों की निगरानी और नेटवर्क की पहचान पर काम कर रही है।

# शिक्षा की गुणवत्ता पर समझौता करना विवि की नीति नहीं : महंत बालकनाथ


**रोहतक।** मस्तनाथ विवि के शिक्षण स्टाफ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी, बैठक में विभिन्न विभागों के डीन, एचओडी और वरिष्ठ मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षण स्टाफ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने की। बैठक में सभी डीन, एचओडी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। महंत बालक नाथ ने आगामी परीक्षाओं, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और चल रही नैक (एनएएसी) तैयारी की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति की ओर ले जाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण कार्य हो रहा है, और इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही संस्था की असली पहचान है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या कमी मिलती है बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### छात्रों की समस्याओं का करें समाधान

महंत बालक नाथ ने यह भी निर्देश दिया कि छात्रों से जुड़ी समस्याओं का समाधान तुरंत और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि किसी भी विद्यार्थी को अपने विभाग या संकाय में कमी महसूस न हो। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता पर समझौता करना विश्वविद्यालय की नीति का हिस्सा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नैक (एनएएसी) मूल्यांकन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी कार्यसंस्कृति और गुणवत्ता का वास्तविक आकलन है। इसलिए हर विभाग को समयबद्ध और सटीक तरीके से तैयारी करनी चाहिए। बैठक में कुलपति डॉ. बी.एन. यादव ने विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों और सुधारों की जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, डीन एकेडमिक डॉ. कपिल नवीन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कुलाधिपति के निर्देशों का पालन करने और विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल विद्यालय के परिसर में स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान की अध्यक्षता में इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 148 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ओलंपियाड का संचालन गणित विभाग के एचओडी अभिनव स्वामी की देखरेख में किया गया, जबकि कुशल समन्वय की जिम्मेदारी अमित नरवाल ने संभाली। विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी नियमित रूप से स्कूल परिसर में ही करवाई जाती है, जिससे छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन और अभ्यास निरंतर मिलता रहता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा



सांगवान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को उच्च स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान ने गणित विभाग के सभी अध्यापकों को आयोजन की सफलता पर बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# एनएसएस शिविर में पर्यावरण संरक्षण और बेटी बचाओ अभियान पर फोकस



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रिठाल के एनएसएस शिविर के दूसरे दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण प्रदूषण और इसके खतरों को चित्रित करते हुए प्रदूषण से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। शिविर की शुरुआत होम साइंस प्रवक्ता शिल्पी ने दीप प्रज्ज्वलन से की। कार्यक्रम अधिकारी सीमा सैनी ने पर्यावरण प्रदूषण के खतरों पर चर्चा करते हुए बताया कि इंसान के स्वार्थ के कारण वायु, जल और धरती में प्रदूषण बढ़ा है, जो सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। हिंदी प्रवक्ता मधु ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर बच्चों को जागरूक किया और बताया कि बेटियों को समान अवसर देना जरूरी है।

# प्रभावी संचार ही सशक्तिकरण की नींव


**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनित मुखर्जी,पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक को स्वागत करते प्राचार्य डा. सुरेन्द्र सिंह सांगवान।

**रोहतक।** संचार कौशल सफलता का रास्ता प्रशस्त करता है। सूचना एवं संचार टेक्नोलोजी स्किल्स तय करता है सफलता का सफर। कम्युनीकेट कांफीडेंटली, मास्टर टेक्नोलोजी टू एम्पावर योर सेल्फ का मंत्र देते हुए आज पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में ये उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा प्रतिष्ठित मीडिया विशेषज्ञ सुनित मुखर्जी ने साझा किए। इफेक्टिव कम्युनिकेशन फॉर एम्पावरमेंट : शी पावर विषय पर सुनित मुखर्जी ने महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के लिए कॅरियर रोडमैप प्रस्तुत किया। प्रभावी संचार कर्ता बनने के लिए जरूरी तैयारी किस प्रकार की जाए, ये बहुमूल्य टिप्स सुनित मुखर्जी ने दिए। बातचीत की शैली में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने सशक्तिकरण का सही मायना समझाया। प्रभावी संचार ही सशक्तिकरण की नींव रखता है का संदेश यह विशेष व्याख्यान कार्यक्रम दे गया। महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी प्राध्यापिकाएं समेत डा. सुशील दलाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# भागवत कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रोहतक।** इस्कॉन प्रचार समिति रोहतक द्वारा इस्कॉन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गौकर्ण धाम, माता दरवाजा रोहतक में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ रही है। कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से उपस्थित होकर दिव्य वातावरण का आनंद लिया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कथा का शुभारंभ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानन्द महाराज, रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, मुख्य यजमान व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मदन गोयल, जैड ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर चन्द्र गर्ग, पूर्व प्रधान विश्वकर्मा शिक्षण संस्था देवेंद्र जांगड़ा तथा प्रधान सुभाष तायल द्वारा परिवार सहित भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समिति की ओर से सभी अतिथियों को केसर का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कथा के पश्चात सभी भक्तों ने संगीतमय महाआरती में भाग लिया। समिति द्वारा अतिथियों को बैज, मोती की माला, पटका, पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सतीश भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर योगश अरोड़ा, रमेश रोहिल्ला, कुलदीप गुप्ता, जय भगवान ऐरन, शंकरलाल मित्तल, पवन घी वाला, विपिन गोयल, प्रेम गर्ग, सुनील बल्ली, अमित गुप्ता, गोल्डी, सन्नी निझावन, दिनेश तायल, अनिल बंसल, उमा गोयल, आशा गर्ग, उर्मिल गुप्ता सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# एमडीयू की सहायक कुल सचिव का वीडियो बनाने पर संघ ने जताया विरोध

**रोहतक।** सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की दूसरी बैठक संघ के कार्यालय में प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में संघ के पदाधिकारी उप प्रधान प्रेम सिंह सजवान, महासचिव विजय पाल धनखड़, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में पास किए गए प्रस्तावों में मुख्य रूप से गत 14 नवंबर को रजिस्ट्रेशन ब्रांच की सहायक कुल सचिव का ड्यूटी करते हुए गलत तरीके से वीडियो बनाने,विश्वविद्यालय की छवि खराब करने की घटना पर विरोध जताया गया। जिसके लिए प्रशासन द्वारा इस तरह की घटना पर सख्त कदम उठाने के विषय में प्रस्ताव पास किया गया। प्रधान सुरेश कुमार ने बताया विश्वविद्यालय में कर्मचारियों के विरुद्ध इस तरह की घटना निंदनीय है। और इस पर रोक लगनी चाहिए । दूसरे एजेंडा में नवर्वाचित यूनियन के शपथ ग्रहण समारोह के विषय में चर्चा हुई। और कार्यक्रम 21 नवंबर को आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक में पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत, कार्यकारिणी सदस्य किरण,सुनीता, ऋषिपाल, भूदत्त, सुरेंद्र, धर्मपाल, सुरेश, राजेश, धर्मेन्द्र, हरि प्रकाश, जगदीश, रविंद्र, सन्नी, परमिंदर मौजूद रहे।





# श्रीलाल नाथ हिन्दू कॉलेज में कैंप संपन्न

**रोहतक।** श्रीलाल नाथ हिन्दू कॉलेज में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस कैम्प का समापन समारोह गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई और कॉलेज को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन तथा आरओ सिस्टम भेंट किए। इस सौगात को महाविद्यालय परिवार ने अत्यंत सराहनीय कदम बताया। मुख्य अतिथि का परिचय जिला रेडक्रॉस के सचिव श्याम सुन्दर एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा द्वारा किया। समारोह में कॉलेज प्रधान शाम कपूर ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिगलानी का सहयोग महाविद्यालय के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा के लिए कार्यक्रम के दौरान रवि दत्त ने औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया और दयासिंह सैनी ने कैंप के विजेताओं को नकद पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को पेन प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान शाम कपूर, अजय निझावन, जितेन्द्र मेहता, राधे शाम ढल, गुलशन राय ढल, गुलशन ढींगरा, वीरेंद्र दुआ, डॉ. राजेश गहलावत, डॉ. शालू जुनेजा तथा अन्य काउन्सेलर उपस्थित रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)**

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजवीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, बीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं. 10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

**शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


**कार्यक्रम** | आईबी स्कूल में वार्षिक खेल समारोह का भव्य समापन, विजेताओं को किया सम्मानित

# खेल अनुशासन, समर्पण, टीमवर्क और नेतृत्व गुणों को मजबूती प्रदान करते : श्याम शर्मा

## छात्रों को खेलों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईबी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल समारोह का समापन दिवस उत्साह, ऊर्जा और उपलब्धियों से सराबोर रहा। विद्यालय के विशाल खेल परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम शर्मा, निदेशक-दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन, ने शिरकत की। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में फ़िनलैंड के कुयोपियो से आईं रिक्का कोटोसल्मी पैडागॉजिकल कोच, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि श्याम शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को खेलों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, टीम–वर्क और नेतृत्व गुणों को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गेस्ट ऑफ ऑनर रिक्का कोटोसल्मी ने विद्यार्थियों के उत्साह, जोश और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और यह बच्चों में आत्मविश्वास, मोटिवेशन व सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करते हैं।





### संकेत को बेस्ट एथलीट का खिताब मिला

समारोह के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें छात्रों की शानदार उपलब्धियां सामने आईं। लड़कों में संकेत को बेस्ट एथलीट का खिताब मिला, जबकि लड़कियों में यह सम्मान रौनक ने हासिल किया। सदन प्रतिस्पर्धाओं में मार्स सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स ट्रॉफी अपने नाम की। सह–पाठ्यचर्या गतिविधियों के आधार पर प्लूटो सदन को को-करिकुलर ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सन सदन को अकादमिक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत सिंह दुल, एडमिन डायरेक्टर डॉ. अजीत सिंह दुल, एकेडमिक डायरेक्टर एस.बी. राठी, तथा प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### विजेताओं को दी बधाई

सभी ने विजेताओं को बधाई देते हुए विद्यालय में खेल और शिक्षा के संतुलित विकास की सराहना की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने पूरे कार्यक्रम को गरिमामयी और प्रेरणादायक स्पर्श प्रदान किया।

